NBT, dated 05.10.2020

आंबेडकर यूनिवर्सिटी में यूजी कोर्स के लिए पहली कटऑफ 13 को

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली की अंडरग्रैजुएट कोर्सेज के लिए पहली कटऑफ लिस्ट अब 13 अक्टूबर को जारी होगी। यूनिवर्सिटी ने अपना कटऑफ शेड्यूल रिवाइज किया है। दूसरी ओर, यूनिवर्सिटी ने पोस्टग्रैजुएट कोर्सेज के लिए इस बार कंप्यूटर बेस्ड एंट्रेंस टेस्ट रखेगा। यह एंट्रेंस देश के अलग-अलग शहरों में रखे जाएंगे। पीजी के सभी कोर्सेज लिए ऑनलाइन अप्लाई करने का मौका 10 अक्टूबर तक स्टूडेंट्स के पास है। फॉरेन स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी के कोर्सेज के लिए 23 अक्टूबर तक ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं।

पीजी कोर्सेज के लिए इस बार आंबेडकर यूनिवर्सिटी कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) रखेगी। एमए/एमडिजाइन/

एमबीए-इनोवेशन, आंत्रप्रिन्योरशिप, वेंचर डिवेलपमेंट के लिए ये एंट्रेंस रखे जाएंगे। पेपर मल्टिपल चॉइस बेस्ड (MCQ) क्वेश्चन पर आधारित होगा। टेस्ट का वेटेज 75% और इंटरव्यू का वेटेज 25% होगा। कोविड का ध्यान रखते हुए यूनिवर्सिटी अलग-अलग शहरों में यह एग्जाम रखेगा। दिल्ली समेत नोएडा, गुड़गांव, चंडीगढ़, लखनऊ, गुवाहाटी, बंगलुरु में यह एग्जाम रखे जाएंगे। हालांकि, ये संभावित सेंटर हैं। पीजी की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद फाइनल एग्जाम डेटशीट और स्टूडेंट्स की संख्या देखते हुए सेंटर्स की लिस्ट जारी होगी। 10 अक्टूबर तक ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं।

अकैडमिक सेशन 2020-21 के लिए दिल्ली सरकार की आंबेडकर यूनिवर्सिटी में अब 5 अक्टूबर के बजाय 13 अक्टूबर को यूजी कोर्सेज के लिए पहली कटऑफ लिस्ट जारी होगी। जल्द ही यूनिवर्सिटी नया शेड्यूल जारी करेगी। कश्मीरी गेट कैंपस में चलने वाले 7 यूजी कोर्स और करमपुरा कैंपस से चलने वाले चार बीए और चार बैचलर्स- वोकेशनल कोर्स के लिए अप्लाई किया जा सकता है। इन दोनों कैंपस के 15 कोर्स के लिए 764 सीटों पर एडमिशन होगा। सिंगल गर्ल चाइल्ड, फॉरेन स्टूडेंट्स, कश्मीरी माइग्रेंट, को-करिकुलर एक्टिविटीज और स्पोर्ट्स कोटा की सुपरन्यूमेरी सीटों के लिए भी एडमिशन होंगे।